राजस्थान विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह व 76वां स्थापना दिवस ऑनलाइन माध्यम से कल आयोजित होगा, गोल्ड मैडलिस्ट सुश्री अवनी लेखरा का होगा सम्मान।

जयपुर– 07 जनवरी। राजस्थान के ऐतिहासिक एवं सबसे बडे उच्च शिक्षण संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह व 76वां स्थापना दिवस कल 08 जनवरी को ऑनलाइन माध्यम से प्रातः 11.30 बजे से अपराह्न 2.30 बजे तक आर.ए पोद्दार प्रबंध संस्थान, जयपुर मे आयोजित होगा। माननीय राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाद्यिपति श्री कलराज मिश्र इस समारोह की ऑनलाइन माध्यम से ही अध्यक्षता करेंगें व दीक्षांत भाषण देगें। उच्च शिक्षा मंत्री श्री राजेंद्र सिंह यादव समारोह के विशिष्ट अतिथि होगें।

विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में शारीरिक शिक्षा विभाग के 02 एवं दर्शनशास्त्र विभाग के 01 छात्र को डी.लिट् एव विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 113 विधार्थियों को 119 गोल्ड मैडल प्रदान किए जाएगें। गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले विधार्थियों मे 80 छात्राऐं एवं 33 छात्र शामिल हैं। गोल्ड मैडल एवं डी.लिट् की उपाधि ऑनलाइन वितरित की जाएगी।

कुलपति प्रो. राजीव जैन के अनुसार दीक्षांत समारोह कोविड गाइडलाइन की पूर्ण सुनिश्चितता के साथ आयोजित किया जा रहा है। बिना मास्क के समारोह में शामिल होने की अनुमति नही होगी।

दीक्षांत समारोह आयोजन समिति के संयोजक प्रो. एस.एल. शर्मा के अनुसार राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय फाइव ईयर लॉ की विधार्थी अवनी लेखरा जिसने हाल ही पैराओलंपिक खेलों में स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतकर राजस्थान विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है, का भी सम्मान किया जाएगा। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम को विश्वविद्यालय की वैबसाइट WWW.Uniraj.ac.in पर दिए गए लिंक व फेसबुक के माध्यम से देखा जा सकता है।

राजस्थान विश्वविद्यालय के 09 संकायों में 01 अगस्त 2020 से 31 अक्टूबर 2021 तक पीएच.डी की 472 डिग्रियां प्राप्त करने वाले शोध छात्रों को कल अपराह्न 03 बजे से 05 बजे के दौरान निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पीएच.डी की उपाधियां 05 स्थानो से प्रदान की जाएंगी।

1.	कला	मानविकी पीठ, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
2.	वाणिज्य	पी.जी. स्कूल ऑफ कॉमर्स
3.	सामाजिक विज्ञान	पी.जी. स्कूल ऑफ सोश्यल साइंस
4.	विज्ञान	प्राणीशास्त्र विभाग
5.	इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी शिक्षा, विधि, प्रबंध एवं ललित कला	सैन्टर फॉर कन्वर्जिंग टैक्नोलोजी

पोद्दार प्रबंध संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह के बाद अपराह्न 03.00 बजे से कुलपति प्रो. राजीव जैन द्वारा गोल्ड मैडलिस्ट छात्रों को उनके गोल्ड मैडल प्रदान किए जाएगें। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इन दोनो समारोह में अनिवार्य रूप से कोविड प्रोटोकॉल का राज्य सरकार के दिशा निर्देशअनुसार पालन किया जाएगा।

राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस समारोह का आज आयोजन स्थल पोद्दार प्रबंध संस्थान मे पूर्वाभ्यास किया गया।

डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत
राजस्थान विश्वविद्यालय